प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

27 अक्तूबर 2023

विनियामक सैंडबॉक्स – 'एमएसएमई उधार पर तीसरी कोहार्ट' - निकास

विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) के अंतर्गत 'एमएसएमई उधार' विषय वाले तीसरे कोहार्ट में, आठ संस्थाओं को अपने उत्पादों का परीक्षण शुरू करना था, जिसे दिनांक 6 जून 2022 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से सूचित किया गया था।

2. 'परीक्षण चरण' पूरा करने वाली संस्थाओं के उत्पादों का मूल्यांकन पारस्परिक रूप से सहमत परीक्षण परिदृश्यों और अपेक्षित परिणामों के आधार पर किया गया। तदनुसार, नीचे उल्लिखित पांच उत्पाद आरएस के अंतर्गत परीक्षण के दौरान परिभाषित सीमा शर्तों के भीतर व्यवहार्य पाए गए हैं:

क्रम सं.	सैंडबॉक्स संस्था	विवरण
1	फिनएजीजी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	उत्पाद 'क्विक कैश फ्लो' पूरी तरह से डिजिटल नकदी प्रवाह आधारित ऋण हामीदारी प्रक्रिया को सक्षम बनाता है। यह एक सहज डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से बड़े कॉरपोरेट्स से स्टॉक खरीदने के लिए एमएसएमई को सह-उधार के माध्यम से ऋण व्यवस्था प्रदान करता है।
2	माइंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड	उत्पाद 'एम1एक्सचेंज स्मॉल-स्मॉल' टीआरईडीएस पर छोटे एमएसएमई विक्रेताओं को नकदी-प्रवाह आधारित वित्तपोषण के लिए वन-स्टॉप प्लग एंड प्ले प्लेटफॉर्म है। उत्पाद ने अपने स्वामित्व वाले डिजिटल ऋण विश्लेषणात्मक इंजन का उपयोग करके लघु एमएसएमई खरीददारों के ऋण प्रोफाइल के आधार पर इन्वॉइस फैक्टरिंग का परीक्षण किया। इसका उद्देश्य लघु एमएसएमई खरीदारों को सामान और सेवाएं बेचने वाले लघु एमएसएमई की चलनिधि जरूरतों के दायरे को काफी हद तक बढ़ाना है।
3	रुपीफी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड	उत्पाद 'पे बाय रुपिफ़ी' एमएसएमई को डिजिटल ऋण व्यवस्थाओं के माध्यम से कार्यशील पूंजी तक तत्काल पहुंच प्रदान करता है जिसका उपयोग बी2बी बाज़ारों से खरीददारी करने के लिए किया जा सकता है। सहमति पश्चात डेटा साझाकरण, डेटा सत्यापन, जोखिम गणना, संवितरण और चुकौती की पूरी प्रक्रिया डिजिटल है।
4	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक	उत्पाद 'जीएसटी सहाय', एमएसएमई को इन्वॉइस-आधारित वित्त के लिए ओपन क्रेडिट एन्हांसमेंट नेटवर्क (ओसीईएन) और अकाउंट एग्रीगेटर रूपरेखा का उपयोग करके विकसित किया गया एक एप्लिकेशन है। ऋण प्रक्रिया सुचारू रूप से करने के लिए संपूर्ण ऋण

		चक्र, तत्काल, संपर्क रहित, नकदी प्रवाह आधारित और कई डेटा बिंदुओं का उपयोग करके शुरू से अंत तक डिजिटल है। एप्लिकेशन का लक्ष्य एमएसएमई को कार्यशील पूंजी सहायता के लिए कई उपयोग मामलों को सक्षम करना है।
5	सिसआर्क इन्फोमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड	उत्पाद 'लेंडरपरफेक्ट - शिशु मुद्रा', बैंकों के साथ साझेदारी में एमएसएमई मुद्रा ऋण के लिए डिजिटल स्ट्रेट-थ्रू प्रोसेस (एसटीपी) यात्रा को शुरू से अंत तक सक्षम बनाता है। संपूर्ण ऋण प्रक्रिया, तत्काल केवाईसी सत्यापन, ऋण ब्यूरो जांच, ई-हस्ताक्षर, तत्काल अनुमोदन, तत्काल खाता खोलने और संवितरण के साथ सुव्यवस्थित है।

3. इस कोहार्ट के अंतर्गत स्वीकार्य पाए गए उत्पादों को लागू विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन के अधीन विनियमित संस्थाओं द्वारा अपनाने पर विचार किया जा सकता है।

4. सभी संस्थाएं अब 'एमएसएमई उधार' पर आरएस के तीसरे कोहार्ट से बाहर निकल गई हैं। इसके अलावा, आरएस के लिए सक्षम ढांचे के प्रावधानों के अनुसार, 'एमएसएमई उधार' पर तीसरा कोहार्ट अब 'ऑन टैप' आवेदन के लिए खुला है। संलग्नकों (अधिकतम आकार 10 एमबी) के साथ आवेदन की स्कैन प्रति ईमेल के माध्यम से भेजी जा सकती है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1188